Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 11-12-2021 अंक 81

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




# अवैध प्रेम संबंध के शक में पति ने अपने ही पत्नी को जंगल ले जाकर गला दबाकर की हत्या, पुलिस के समक्ष जुर्म कबूला, भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बरही**

बेन्दगी निवासी 60 वर्षीय रेवल भुइयाँ ने अपनी ही पत्नी 55 वर्षीय रीता देवी की हत्या गला दबाकर कर दी। आरोपी पति ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उनकी पत्नी की किसी गैर मर्द के साथ अवैध प्रेम संबंध था, इसी वजह से उसे जंगल ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दिया। पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी। जानकारी के मुताबिक दोनो पति पत्नी 3 दिसम्बर को जंगल से जलावन की लकड़ी लाने की बात कह कर सामने की जवाहर घाट जंगल मे गए। देर शाम तक दोनों वापस नही आए । चार दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई पता नही चला। उसके बाद 6 दिसम्बर को ही मृतिका के पुत्र बरही थाना में गुमसुदगी की सनहा दर्ज कराया। सात दिसम्बर को आरोपी पति रेवल भुइयाँ अपने घर पहुंचा। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस 8 दिसम्बर को बेन्दगी पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। उस वक्त आरोपी ने बताया उसकी पत्नी को एक ट्रक वाला उठाकर ले गया। इस पर पुलिस को शक हुआ। पहले पुलिस ने आरोपी का इलाज कराया। तब तक 9 दिसम्बर को रेलवे ट्रैक के सामने झाडी से शव बरामद कर लिया गया। आरोपी से जब पूछा गया कि जब ट्रक वाला पत्नी को उठाकर ले गया था, तब शव कैसे मिला। तब वह सारी कहानी पुलिस को बता दिया। बताया कि लकड़ी लाने के बहाने वह अपनी पत्नी को जंगल ले गया। पहाड़ी के ऊपर झाडी के पास पीछे से टांगी से वार कर उसे नीचे गिरा दिया। फिर गला दबाकर मार दिया। उसने बताया कि उनकी उतनी की अवैध प्रेम संबंध था। इसलिए मार दिया। मृतिका के पुत्र के बयान पर बरही थाना में कांड संख्या 516/21 दर्ज करते हुए हजारीबाग जेल भेज दिया गया।


रेवल भुइयाँ (हत्यारा)


रीता देवी (फाइल फोटो)


मृतिका का शव

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का बरही चौक पर हुआ भव्य स्वागत

## भाजपा ही कर सकती है राज्य का सर्वांगीण विकास : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**

कोडरमा जाने के क्रम में बरही चौक पर झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का भारतीय जनता पार्टी के ने. ताओं तथा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विद्यायक मनोज यादव के नेतृत्व में बरही चौक पर भव्य स्वागत किया गया। सभी ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। भव्य स्वागत में शामिल बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव, बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी यादव, बटेश्वर मेहता भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही बरही विधानसभा के पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की भाजपा ही राज्य का सवांगीण विकास कर सकती है। मौके पर उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, युवा नेता रितेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, भाजयुमो पूर्वी मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी, भाजयुमो बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, राजकुमार यादव ब्रह्मदेव यादव, मुन्ना यादव, पप्पू चंद्रवंशी, मोती लाल चौधरी, दिनेश यादव, वीरेंद्र रजक, सुरेश साव, गजाधर साव, किशोर राणा, भूपेंद्र यादव, टेकलाल यादव, सहदेव यादव, अशोक यादव, मनोज यादव, ब्रह्मदेव यादव, मुन्ना यादव, विनोद यादव, गौरव गुप्ता, पंकज केशरी, पिंटू यादव, बब्लु केशरी, कुमार यदुवंशी, रितेश केशरी, अमित जायसवाल, सचिन कुमार, जय यादव, गौतम केशरी, सचिन साव, विकाश कुमार, प्रवीण कुमार, विशाल कुमार, रितेश कुमार, रितिक केशरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे


बाबुलाल मरांडी का स्वागत करते पूर्व विधायक मनोज यादव एवं अन्य

# बरही में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, रसोईया धमना बना विजेता

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड के प्रखंड मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उदघाटन बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, बलराम केशरी एवं अरुण कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। उद्घटान का पहला मैच बरही पूर्वी पंचायत एवं बरही पश्चमी पंचायत के बीच खेला जाना था। लेकिन समय पर बरही पूर्वी के टीम को समय पर नही पहुँचने के कारण बरही पश्चमी को वईक०वर के रूप में जीत मिली। साथ ही बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी ने कहा कि मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रो में छुपे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने एवं उन्हें बेहतर मौका देने के लिए आयोजित की जा रही है। वहीं टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रसोईया धमना एवं खोड़ाहर के बीच खेला गया। जिसमें रसोईया धमना ने खोड़ाहर को दो गोल से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में शामिल टीमें रसोईया धमना, करसो, पंचमाधव, करियातपुर, बरसोत, कोल्हुअकला, खोड़ाहर, बरही पश्चमी, दुलमहा एवं केदारुत अन्य टीमों ने भाग लिया। मोके पर मोती सिंह, आकाश कुमार, अनुज यादव, अविनाश कुमार, दुर्गा कुमार, विजय कुमार, मोनू कुमार एवं सैकडों खेल प्रेमी मौजूद थे।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम

# समाजसेवी मनोज केशरी के पिता के निधन पर समाजसेवियों ने किया शोक व्यक्त

**अपेम लाइव : बरही**

बरही धनबाद रोड निवासी समाजसेवी मनोज केशरी के पिता स्व अर्जुन साहू का निधन शुक्रवार देर रात हो गया। उनकी निधन की खबर सुनकर धनबाद रोड में मातम पसर गया। उनके शुभचिन्तको ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को बरही मुक्ति धाम में किया गया। शोक व्यक्त करने वालो में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह, हरेराम पांडेय, सचिव महेंद्र दुबे, रमेश ठाकुर, कपिल प्रसाद केशरी, राज सिंह चौहान, कृष्णा प्रजापति, मो कयूम, गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, हीरामन साव, मुकेश गुप्ता, उमेश ठाकुर, किशुन यादव आदि लोग शामिल हैं।



APEM LIVE

## अक्षय पात्रा के सौजन्य से 60 लोगों के बीच सुखा अनाज का वितरण

### कोरोना लॉकडाउन में गरीब असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हुआ अक्षय पात्रा : अमित साहु



सूखा राशन कीट का वितरण करते अमित साहू, तापेश्वर प्रसाद

**अपेम लाइवः बरही**

हज़ारीबाग़ सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा अक्षय पात्रा के सहयोग से उपलब्ध कराया गया सुखा राशन कीट का वितरण रसोइया धमना एवं बेन्दगी पंचायत में किया गया। बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहु के नेतृव में कुल 60 लोगों को सुखा राशन कीट अक्षय पात्रा के आशीष जॉन की उपस्थिति में दिया गया। इनमे 30 रसोइया धमना पंचायत में और 30 बेन्दगी पंचायत में उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित साहु ने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशन में अक्षय पात्रा के माध्यम से पिछले दो सालों से हज़ारो लोगों को राशन उपलब्ध कराया जा चुका है। वैसे लोगों के राशन का लगातार वितरण किया गया। जिन्हें लॉक डाउन में अनाज की सख्त जरूरत थी। सांसद महोदय की दूरदर्शी सोच के वजह से बरही विधान सभा मे भी इस योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाया जा रहा है।। राशन कीट वितरण के समय उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, गोविंद साहू, तपेश्वर साहू ,मुकेश राणा, बीरेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।


## ट्रॉमा सेंटर में लगेगा अश्वक्सीजन प्लांट, केएनएन डायरेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

**अपेम लाइवः बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पेटीएम कंपनी के वितीय सहयोग से ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाएगा। ऑक्सीजन प्लांट लगाने की जिम्मेवारी केएनएन कम्पनी को दी गई है। शनिवार को केएनएन कंपनी के डायरेक्टर राजेन्द्र शर्मा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे एवं ऑक्सीजन प्लांट लगने वाले स्थान का निरीक्षण कर विद्युत आपूर्ति, स्पेस सहित अन्य सुविधओं का जायजा लिया। निरीक्षण कर रहे राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि पेटीएम कम्पनी के वितीय सहयोग से ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर में ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाएगा। इससे जरूरत के अनुसार पूरे अस्प्ताल में ऑक्सीजन की सप्लाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति फिलहाल ठीक नही है। उसे ठीक कराना होगा। जगह की भी कमी है। इसे भी ठीक कराना होगा। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जनवरी में कार्य पूरा कर लिया जायेग। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, बिनय सिन्हा, संजीव घोष, अमित साहु आदि लोग मौजूद थे।




ऑक्सीजन प्लांट के लिए निरीक्षण करते केएनएन डायरेक्टर राजेन्द्र शर्मा




## स्वामी विवेकानंद अकादमी में नामांकन पर 50% की छूट : प्रचार्य

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड के चारमाइल स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्वामी विवेकानंद अकादमी में विद्यालय के चौथी स्थापना दिवस के अवसर पर नए सत्र में नामांकन पर आधी छुट दी जायेगी। इस अवसर पर प्रेस वार्ता करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल और अंग्रेजी भाषा शिक्षक बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस बार स्कूल का स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय युवा दिवस (विवेकानंद जयंती) को धूमधाम से मनाया जाएगा । इस मौके पर आसपास के अभिभावको को नामांकन पर विशेष छूट दी जाएगी । आज से 12 जनवरी तकअभिभावक इस ऑफर का लाभ उठा सकते है। आगे बिरेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य है। कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब , मजदुर व किसान के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर समाज व देश के नवनिर्माण में अपना योगदान दे सके । इस मौके पर स्कूल के निदेशक सह खोडाहर पंचायत के जाने माने समाजसेवी और शिक्षाविद रामचन्द्र यादव ने विद्यालय के भविष्य के कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय अब स्वयं अपना ट्रस्ट से निबंधित है। हमारा सोच हैब कि आने वाले भविष्य में यहाँ के बच्चे इण्टर तक की पढ़ाई की सुविधा यहाँ से प्राप्त कर सकें । नए सत्र से कम्प्यूटर और इंग्लिश स्पोकन कि विशेष क्लास कि सुविधा यहां के बच्चों को मिलेगा । ताकि यहां के बच्चे प्रतियोगी एग्जाम के लिये खुद को तैयार कर सकें। स्थानीय लोंगों, नवजवानों और अभिभावकों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी ।



प्रचार्य : बिरेन्द्र कुमार






# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

**निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में सी.डी.एस बिपिन रावत एवं 12 शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### भारत माता की जय,बिपिन रावत अमर रहे, जयकारों से गुंजा यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज हजारीबाग

**अपेम लाइवः हजारीबाग**
**सुनील कुमार**

हज़ारीबाग़ : तमिलनाडु के कुन्नूर में सेना के हेलीकॉप्टर से दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत,उनकी पत्नी एवं 11 अन्य शहीदों के निधन पर पूरे देश वासियों में शोक की लहर है, वही हजारीबाग के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में शनिवार को रूद्र राज के नेतृत्व में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ शहीद जनरल बिपिन रावत उनकी पत्नी एवं अन्य 11 शहीदों के निधन पर तेरह दीप जलाकर तथा मौन रखकर छात्र-छात्राओं द्वारा नम आंखों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत माता की जय, अमर रहे बिपिन रावत जैसे अनेकों नारे लगाकर उनको नमन किया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं ने जनरल बिपिन रावत के जीवन



श्रद्धांजली सभा मे शामिल लोग

काल के उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि देश ने एक महान योद्धा, अप्रितम सेनापति सहित जांबाज सैन्यकर्मियों को खो दिया है। सच्चे सपूत का अचानक दुनिया से छोड़ जाना पूरे देश के लिए यह बड़ा ही दुख का विषय है। आज पूरा देश जनरल रावत सहित सैन्य अधिकारियों के आकस्मिक निधन पर विदीर्ण है। कहा कि देश जनरल रावत को सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, चीन बॉर्डर नियंत्रण सहित अन्य गतिविधियों के लिए हमेशा हौसला अफजाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यो के लिए याद करेगी। साथ ही कहा की सीडीएस बिपिन रावत को सच्चा देशभक्त, दूरदर्शी कमांडर तथा कुशल रणनीतिकार एवं सफल योद्धा की संज्ञा दिया। मौके पर प्रोफेसर लक्ष्मी सिंह, रूद्र राज, ऋषभ राज, उज्जवल जयपुरियार, गोपाल शर्मा, कुमार सुमन, नीतीश कुमार सिंह, संतोष सिंह, कुंदन पांडे, निशांत सिंह, अचल कुमार मिश्रा, राजवीर दयाल, विजय राम, विवेकानंद विवेक, भास्कर देव, राजू नायक, विजय राम, अकाश मेहता, सुधांशु, मानसी प्रिया, मैहर दरक्षा, खुशबू कुमारी, मिकी सिंह, शगुफ्ता, अमृता जया, दिव्या भारती समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## चंदवारा पश्चिमी पंचायत मे आपके अधिकार आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बरही**

प्रखंड के चंदवारा पश्चिमी पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव मौजूद थे। शिविर के माध्यम से नया किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, ई-श्रम पोर्टल नया पंजीकरण, लगान रसीद निर्गत, नरेगा नया जॉब कार्ड, नरेगा नये कार्य आवंटन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा अन्तर्गत नई योजनाओं की स्वीकृति, नया राशन कार्ड, राशन कार्ड में सुधार, म्यूटेशन, पेंशन शिकायतें, जाति व आय प्रमाण पत्र, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, 15 वें वित्त आयोग के




कार्यक्रम में मौजूद बीडीओ व अन्य

अन्तर्गत जनोपयोगी योजनाओं की स्वीकृति आदि से संबंधित आवेदन लिए गए। जिसमे पदा. धिकारियों के द्वारा दो विधवा पेंशन मसो,सविता पति स्व अशोक यादव प्रियंका देवी पति दामोदर यादव को ऑन द स्पॉट स्वीकृत पत्र दिया गया स वही शिविर में आमजनों में खुशी देखी गई। वहीं संबंधित पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों को दिए गए आवेदनों पर अविलंब नियमसंगत कार्रवाई करते हुए समस्या का निराकरण करने की बात कही।जिसमे कृषि, पशुपालन, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, केसीसी, अंचल, प्रखण्ड सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी के साथ ही उनकी समस्याओं का आवेदन भी जमा किया गया। मौके पर पंचायत सेवक मुकेश कुमार, कनीय अभियंता विकाश कुमार, अंचल निरीक्षक दिनेश राम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनीत कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर भरत कुमार, पंकज कुमार विधायक प्रतिनिधि अज्जू सिंह, प्रधान अफसाना खातून पूर्व मुखिया मुशर्रफ खान, उप मुखिया प्रकाश यादव, बिरेंद्र यादव, संतोष कुशवाहा, सहित कई वार्ड सदस्य मौजूद थे।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---12.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---नवमी तिथि
दिन :---रविवार
नक्षत्र :---उ.भा. नक्षत्र
योग :---सिद्धि
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में
आज का राहूकाल संध्या:---04:30 बजे से संध्या :---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासरू---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से सरकारी कार्यो से सफलता प्राप्त होता है।

(नोट :---09-12-2021 के संध्या 04:05 से 14-12-2021 प्रातः05:08 तक पंचक रहेगा।)



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660




APEM LIVE NEWS
सच का साथी

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## चंदवारा में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा में मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते प्रमुख व अन्य

चंदवारा प्रखंड के जोंगी स्थित स्टेडियम में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी, आरागारो मुखिया महेंद्र यादव व पिपराडीह मुखिया धीरज कुमार, थाम मुखिया पुष्पा देवी मौजूद थे। उद्घाटन मैच आरागारो व भोंडो की बालिका टीम के बीच खेला गया। 20-20 मिनट के निर्धारित मैच में भोंडो की बालिका टीम विजय हुई। मौके पर अतिथियों ने बताया कि मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्रों में छुपे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने एवं उन्हें बेहतर मौका देने के लिए आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट में पिपराडीह, बिरसोडीह, खांडी, थाम, भोंडो, आरागारो, चंदवारा पूर्वी, चंदवारा पश्चिमी, कांको, बेंदी पंचायत के अलावे हाई स्कूल चंदवारा की टीमें भाग ली। मौके पर बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, पंचायत सेवक प्रफुल कुमार सिंह, बद्री रजवार, रोजगार सेवक समीर कुमार रवि, शिवशंकर गुप्ता, कांता पाण्डेय, दिनेश कुमार गुप्ता, इरफानुल हक, बीएफटी प्रदीप सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## झरनाकुंड धाम के विकास के लिए होगा पूरा प्रयास : शालिनी गुप्ता

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**


झरनाकुण्ड में पूजा करती जिप प्रधान शालिनी गुप्ता

जिले के झुमरीतिलैया स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थली झरनाकुंड के विकास को लेकर जिप प्रधान शालिनी गुप्ता झरनाकुण्ड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने झरनाकुण्ड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि इसे पर्यटक स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां सभी सुविधाओं के साथ-साथ विकसित कर पर्यटन स्थल बनाने के लिये प्रयास करूंगी। मौके पर झरनाकुण्ड विकास समिति द्वारा बताया गया कि इस स्थल पर ना तो बिजली की सुविधा है और ना ही अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है। आने का मार्ग जर्जर है तो वहीं नदी के चौड़ीकरण और शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है। जिसे जिप प्रधान ने जल्द सभी सुविधाएं बहाल करवाने की बात कही। उन्होंने कहा यहां विकास की असीम संभावनाएं हैं। हर साल बृहत मेला का आयोजन होता है परंतु सुविधाओं से यह स्थल पूरी तरह वंचित है। पर्यटन क्षेत्र में इस स्थली का विकास और आगे बढ़ाना ही लक्ष्य है और इसके लिए बारंबार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के साथ अपने लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हजारीबाग में आयोजित "आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम अंतर्गत प्रमंडल स्तरीय मेगा परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

### मुख्यमंत्री ने 25 लाख 92 हज़ार 856 लाभुकों के बीच कुल 22 अरब 30 करोड़ 29 लाख 6 हज़ार ़़़़प़ए के परिसंपत्तियों का किया वितरण।

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ष्आपके अधिकार- आपकी सरकार, आपके द्वारष कार्यक्रम के तहत जो राज्य में विगत 20 वर्षों में नहीं हुआ उसे किया जा रहा है। इसके तहत सरकार लाभुकों के घर तक जा कर उन्हें सरकार के योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उच्च स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक इस योजना के तहत 2 लाख 50 हजार शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें से 2 लाख 20 हजार शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके पारदेशीय शिक्षा योजना के तहत 6 आदिवासी विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा गया था। अब सभी वर्ग इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री आज उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग में आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत प्रमंडल स्तरीय मेगा परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार इस कोरोना काल मे जनहित योजनाओं की कार्यप्रणाली तैयार कर रही थी। आज राज्य के हर तबके के लोगों के लिए सरकार के पास एक योजना है। लोग सरकार की ओर हाथ बढ़ाएंगे तो रोजगार से आच्छादित होंगे ही साथ ही साथ वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार सृजन के लिए 50 हजार रुपये से 25 लाख रुपये तक का लोन बहुत ही कम ब्याज पर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों की नियुक्ति नियमावली बनकर तैयार है, जल्द ही बड़े पैमाने पर राज्य में वेकैंसी निकली जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के प्रत्येक गाँव के 60 साल से अधिक के बुजुर्गों को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। हर एक विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांग असहाय को सरकार पेंशन देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में गंभीर बीमारी के चिकित्सा के लिए सरकार हर व्यक्ति जिसकी आय 8 लाख से कम है उसके इलाज में सरकार सहायता करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न बड़े उद्योगों को राज्य में स्थापित करने का कार्य कर रही है। जिससे यहां के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। इस क्रम में इस पर विशेष ध्यान रखा जा रहा कि इनमें 75ः नौकरी एवं 1 करोड़ रुपये तक का टेंडर स्थानीय लोगों को ही प्राप्त हो,जिससे राज्य के लोगों का विकास होगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल में ष्आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार योजना से सम्बन्धित पुस्तिका का विमोचन किया । कार्यक्रम के पश्चात स्थानीय कलाकार संगीता दास एवं एम गोपाल दास ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं दिसोम गुरु श्री शिबू सोरेन का चित्र बनाया, जिसे मुख्यमंत्री ने देखा और उनकी प्रतिभा की काफी सराहना की। इस अवसर पर मंत्री श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग श्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री शिक्षा विभाग जगन्नाथ महतो, माननीय विधायक गांडेय सरफराज अहमद, माननीय विधायक श्री लंबोदर महतो, विधायक गिरिडीह सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक रामगढ़ श्रीमती ममता देवी, माननीय विधायक बरही श्री उमाशंकर अकेला, विधायक बड़कागांव अम्बा प्रसाद, मुख्यंत्री के प्रधान सचिव राजीव वरुण एक्का, प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल शकमल ज0न लकड़ा, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, रामगढ़ एवं चतरा जिले के उपायुक्त एवं विभिन्न विभागों के राज्य एवं जिला स्तरीय पदाधिक. ारी उपस्थित रहे।

## बड़की धमराय में विधायक ने किया पवन जल प्लांट का उद्घाटन

### सेहत सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षित जल का करें सेवन : अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**


जल प्लांट का उद्घाटन करते विधायक अमित कुमार यादव व अन्य

प्रखंड के बड़की धमराय में पवन जल का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जल का प्लांट लगने से शादी समारोह जैसे अवसरों के अलावे आम जनों को शुद्ध पेयजल मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि आज अशुद्ध पानी पीने से मनुष्य के शरीर में कई घातक बीमारी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों की सेहत सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षित जल का सेवन करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सरयू प्रसाद वर्मा, धानेश्वर ठाकुर, दशरथ प्रसाद, उपेंद्र दास, शत्रुघन राम, संतोष कुमार, गांगो महतो, सरयू राम, राजू पांडेय, रामचंद्र गोप सहित कई लोग मौजूद थे।




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव | सुभाष पासवान | मंटु सिंह



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार | बिनोद कुमार | टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जोबर टीम बनी प्रखंड स्तरीय विजेता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



फुटबॉल के फाइनल मैच का उद्घाटन करती विधायक पत्नी ललिता देवी

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल के प्रखंडस्तरीय टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को फाइनल मैच के साथ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में हुआ। फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मड़मो बनाम जोबर टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक रोमांचक मुक. ाबले में दोनों ही टीमें बराबरी पर रही। अंत में रेफरी के निर्देश पर पेनाल्टी सूट आउट में निर्णय कराने का फैसला किया गया। जिसमें जोबर की टीम 3-2 से टूर्नामेंट पर कब्जा जमाते हुए प्रखंडस्तरीय विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। जोबर की टीम अब जिलास्तरीय टूर्नामेंट में शरीक होगी। बतौर मुख्य अतिथि कार्यकारी जिप सदस्य यशोदा देवी व विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी शामिल हुई। अतिथियों ने कहा कि प्रखंडस्तरीय खेल के बेहतर प्रदर्शन के बाद प्रयास करें कि जिला स्तर में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला चौंपियन बनें। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तरुण कुमार, जोबर प्रधान मुनीलाल महतो, सुनील अकेला, सरस्वती देवी, अंजू देवी, रीना बर्मन, हिरामन महतो, अजय मंडल, बीपीएम कुणाल कुमार, राजु रवानी, राजेश विद्यार्थी, टहल महतो, दिनेश कुमार मंडल समेत कई लोग मौजूद थे।

## मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एकदिवसीय विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



संबोधित करते वक्ता

कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर डाडी कला मेला टांड़ में एक दिवसीय विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता एवं संचालन मानवाधिकार कार्यकर्ता इलियास अंसारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता उच्च न्यायालय रांची अनूप अग्रवाल, राजू हेंब्रम मानवाधिकार ल० नेटवर्क, एवं विशिष्ट अतिथि डॉ मिथिलेश दांगी, दीपक दास महासचिव झारखंड माइंस एरिया कार्डिनेशन कमिटी सह ग्राम प्रधान बादम उपस्थित हुए। मौके पर वक्ताओं ने कहा के कर्णपुरा में मानव अधिकार का उल्लंघन पूर्व व वर्तमान की राज्य सरकारें की हैं उन्हें न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। मानवाधिकार दिवस पर उपस्थित लोगों ने शपथ लिया की भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों से लड़ कर लेंगे। मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर मिथिलेश दांगी, गिरजा भुइयां, इंद्रदेव राम, शंकर भुईयां, संजय वर्मा आदि ने सभा को संबोधित किया।

## पेयजल के लिए तरस रहे हैं पुरनी : रांगामाटी के लोग

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



रांगामाटी गांव के ग्रामीण

बेंगाबाद प्रखंड का पुरनी रांगामाटी गांव आज भी पेयजल के लिए तरस रहा है तथा वहां के अधिकांश लोग इसके लिए प्राकृतिक स्रोत से लेकर दूसरे गांव पर निर्भर है। आज वहां पहुंची माले की टीम के साथ स्थानीय लोगों ने बैठक करने के दौरान उक्त बातें कहीं। बैठक का आयोजन झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का सदस्यता अभियान चलाने को लेकर किया गया था जिसकी अगुवाई करते हुए पार्टी के जोनल प्रभारी रामलाल मुर्मू ने कहा कि इस क्षेत्र तथा विशेषकर इस गांव में समस्याएं काफी गंभीर हैं। बातचीत के क्रम में लोगों ने कहा कि वे बेंगाबाद प्रखंड-अंचल में व्याप्त घूसखोरी से भी खासे तबाह हैं। बेंगाबाद अंचल में दाखिल-खारिज तथा रसीद काटने के एवज में रिश्वत की मांग की जाती है रिश्वत नहीं देने का कारण उनका काम नहीं होता है बैठक के क्रम में माले नेता राजेश यादव ने कहा कि सिर्फ वोट का मो. हरा बने रहने से उनका विकास नहीं हो सकता और वे इसी तरह तबाह होते रहेंगे। यदि अपनी जिंदगी में बदलाव चाहते हैं, अपना हक-अधिकार लेना चाहते हैं तो मजदूर-किसानों को जाति-मजहब से ऊपर उठकर संगठन मजबूत करना होगा। श्री यादव ने प्रशासन से पुरनी रांगामाटी में तत्काल पेयजल की व्यवस्था करने की मांग करते हुए बेंगाबाद अंचल के संबंधित पदाधिकारियों को भी आगाह किया कि गांव के व्यक्ति का काम यदि बिना रिश्वत नहीं हुआ, तो पूरे गांव के लोग अंचल कार्यालय को घेरने का काम करेंगे। मौके पर नुनु किस्कू, कंचन किस्कू, रसिलाल किस्कू, अशोक मरांडी, मनोज मुर्मू, तिर्थू किस्कू, बुधन मुर्मू, खांडो किस्कू, फागू मुर्मू, जयनारायण सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## एसडीपीओ बने शिक्षक

## पुलिस की ड्रेस में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं एसडीपीओ अविनाश कुमार

### अफीम की खेती पर रोक, घरेलू हिंसा एवं साइबर क्राइम पर नकेल को लेकर हुई विशेष चर्चा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



बच्चों के साथ एसडीपीओ

पुलिस का काम केवल अपराधियो को पकड़ना और अभियान चलाना ही नहीं है बल्कि समाज मे फैले कुरुतियो को मिटाना और समाज से भटके युवाओं को समाज से जोड़ना तथा बच्चो को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना भी शामिल है।ऊक्त बाते एसडीपीओ अविनाश कुमार ने कही।श्री कुमार वर्तमान में स्कूलों में जाकर शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। हालांकि एसडीपीओ अविनाश कुमार का कहना है कि यह हम सबों का दायित्व है कि स्वस्थ एवं शिक्षित समाज का विकास हो। उन्होंने स्कूली बच्चों एवं बच्चियों को बताया कि साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए। इसके साथ ही महिलाओं एवं बच्चियों पर हो रहे अपराध से निपटने के तरीकों को समझाया।गौरतलब है कि चतरा जिला में के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अफीम की खेती भी बड़े पैमाने पर होती है। इस बाबत स्कूली छात्र-छात्राओं को भी यह जानकारी देते हुए कहा कि अफीम की खेती से आने वाली पीढ़ियां भी प्रभावित होती है, इसीलिए अपने पिता एवं अन्य अभिभावकों को अफीम की खेती से दूर रहने के सिख भी दिए। इसके अलावा समाज में हो रही ठगी से बचने के गुर भी सिखाए।एसडीपीओ अविनाश कुमार ने छात्र-छात्राओं को यह नसीहत दी कि अपने भी जागरूक हो और दूसरों को भी अपराध एवं अन्य सामा. जिक कुरीतियों से दूर रहने की नसीहत दें।जबकि बा. लिका उच्च विद्यालय में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने स्कूली छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी एवं अन्य कोई वारदात होती हो तो निसंक. ोच पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी और पुलिस उस पर सख्त एवं तुरंत कार्रवाई भी करेगी। इसके अलावा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के के बारे में भी स्कूली छात्राओं को जानकारी दी गई ।समाज को शिक्षित करने का सबसे बेहतर उपाय है कि स्कूलों में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था हो। उन्होंने आज जिला मुख्यालय स्थित ब०यज हाई स्कूल एवं गर्ल्स हाई स्कूल में जाकर स्कूली बच्चों का क्लास लिया है। इससे दोनों स्कूल के बच्चे काफी उत्साहित हैं और उनके मन में भी कुछ करने की तमन्ना जागी है। हमेशा हथियारों से लैस रहने वाले पुलिस अधिक. ारियों के हाथ आज ब्लैक बोर्ड पर सरपट दौड़ रही थी।दोनों स्कूलों के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शारी. रिक गतिविधियों में शामिल होने की सिख दी।

## पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा के एक्स यू भी को किया गया ब्लैकलिस्टेड

### पूर्व विधायक पहुँचे कानून सलाहकार के पास, लापरवाह पदाधिकारी के बिरूद्ध करेगे मामला दर्जे

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




परिवहन विभाग के लाप. रवाही का खमियाजा भुगत रहे है पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा,ये एन आई के राडार पर रहे टंडवा के चर्चित कोयला माफिया अर्जुन गंझू के बारह वाहन को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश परिवहन विभाग को भेजी गई थी ,जिसमे एक हाइवा री13ब 0011 नंबर भी शामील था! हाइवा के जगह उसी नंबर के महिंद्रा कंपनी के एक्स यू भी सवारी वाहन को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। लंबे समय के बाद पूर्व विधायक को जानकारी मिली कि उनके गाड़ी को एन आई ए द्वारा ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है, तो आनन फानन में पूर्व विधायक श्री बैठा पहुँचे चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन के पास उनसे मिल कर अपनी बात को रखें। इस सन्दर्भ मे जिला परिवहन पदा. धिकारी से फोन कर जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने मोबाइल नही उठा कर चुपी साध लिये! पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा जिला के चक्कर काट रहे है न्याय के लियें । उन्होंने कहा इसी तरह आम जनता को एन आई ए का धौस दिखा विभाग ने कई आम जनता से रुपिया ऐंठने का काम रही है जो जॉच का विषय ह।

## त्रिवेणी सैनिक ने रोजगार मामले को लेकर लिया कई महत्वपूर्ण निर्णय

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

जनप्रतिनिधियों द्वारा रोजगार की मांग एवं विरोध के बाद त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्रा. इवेट लिमिटेड द्वारा शनिवार को एक विशेष बैठक की गई। त्रिवेणी सैनिक के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी में बताया गया कि उक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया की माइंस क्षेत्र एवं कन्वेयर बेल्ट में कार्य कर रहे प्रत्येक कर्मचारी की नियुक्ति एवं उनके योग्यता की जांच की जाएगी। इस पूरे प्रक्रिया में जो लोग दूसरे राज्य से आकर कंपनी में कार्य कर रहे हैं एवं विस्थापित नही हैं तथा विस्थापित हैं परंतु उसके परिवार से कई लोग रोजगार का लाभ उठा रहे हैं ऐसे कर्मियों को चिन्हित कर तत्काल कंपनी से हटाकर शुद्ध विस्थापितों एवं प्रमुख प्रभावितों को योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि इस नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी तरह का पैरवी या अनुशंसा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बैठक में गारमेंट यूनिट के उत्पाद को बढ़ाने एवं नई नियुक्तियों पर भी चर्चा की गई साथ ही कहा गया कि स्थानीय लोगों के बेरोजगारी के कारण ही कंपनी अपनी क्षमता से अधिक कर्मचारियों से सेवा ले रही है। उक्त विशेष बैठक में त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्रा. लि. के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## गरीबों के बीच दया बहन कुमकुम ने कंबल वितरण की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



उत्तरी जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने कंबल वितरण की। वितरण पैसरा, किमनियाँ, कपका, बुढ़िया डीह, नयाटाँड, खैरा में की। इस दौरान गरीब, असहाय, जरूरत मंदो के बीच करीब चार सौ कंबल वितरण की गई। कुमकुम ने बताया कि ठंड को अधिक देखते हुवे झारखंड सरकार के द्वारा एक सौ और अपने निजी खर्च तीन सौ कंबल वितरण की। क्षेत्र में कंबल वितरण से ग्रामीणों में काफी हर्ष हैं। कुमकुम देवी क्षेत्र के लिए एक अलग पहचान बनाई हैं। जिसे लोग प्यार से दया बहन कहती हैं। मौके पर प्रयाग साव, मो0 गेणशी, भूनेशवरी देवी, चेतनी देवी, सोहवा मो0 सरैया, महादेव मिर्धा, डुगनी देवी, विशाल पांडेय, बुधो मिर्धा समेत अन्य लोंगो को दिया गया।

## सोहराय पर्व समारोह को लेकर चडरी चटानी में बैठक

**अपेम लाइव : चूरचू**
**अरविन्द टुडू**



चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत नानो ओरिया व बेला के चडरी चटानी में भारत जकात माझी परगना महल की बैठक चुरचू प्रखंड सचिव लालजी हेम्ब्रोम की अध्यक्षता में की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 2022 में भी सोहराय मिलन समारोह का आयोजन धूम धाम से मनाया जाएगा। निर्णय लिया गया कि समारोह में चार चांद लगाने के लिए बाहर से कलाकार लाये जाएंगे। समिति के सदस्यों एवं सामूहिक नृत्य में शामिल होने वालों के लिए पंची साड़ी एवं धोती का होना आवश्यक है। इस समारोह में संतालों की संस्कृति एवं सोहराय के महत्त्व को बताया जाएगा। बैठक मुख्य रूप से जिला परा. निक बाबूलाल हेम्ब्रोम, प्रखंड परगना रति हंसदा, जोग परगना राजेश किस्कू, गोडेत जीतू मरांडी, लालजी हेम्ब्रोम, भादे टुडू, दिनेश मुर्मू ,अर्जून मुर्मू , सुरेश हेम्ब्रोम, अनिल सोरेन, जीतन किस्कू, गोमिलाल हंसदा, छोटन मुर्मू, कामेश्वर किस्कू, अजीत किस्कू, धनीराम किस्कू, सुनिल टुडू, सोनाराम मांझी, जगदेव मुर्मू, सुखदेव किस्कू, शिवलाल किस्कू, झरी किस्कू, का. र्तिक मांझी, सुखलाल मुर्मू, अर्जून मुर्मू, दिनेश मुर्मू, सुरेश हेम्ब्रोम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शौचालय निर्माण की आधारशिला रखी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



जिला परिषद सदस्य मीना देवी के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी के परिसर में 15वीं वित्त की राशि से शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।जिला परिषद सदस्य ने बताया कि पहली बार ज़िला परिषद को 15वें वित्त से 10ः राशि मिली है,जिससे स्वच्छता ध्यान रखते हुए यह योजना की अनुशंसा की हुं, विद्यालय में शौचालय की कमी के कारण बच्चों असुविधा हो रही थी, शौचालय बनने से सभी बच्चों मे सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया प्रतिनिधि भीम प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, सहदेव प्रसाद, राजकुमार चौधरी समेत लोग उपस्थित थे।

## भावी पंसस संजय कुमार सिंह ने किया चिकेन सेंटर का उदघाटन

**अपेम लाइव : चूरचू**
**अरविन्द टुडू**



चुरचू प्रखंड के चुरचु गांव में सोनू चिकन हब का उद्घाटन भावी पंचायत समिति सदस्य संजय कुमार सिंह समेत युवाओं द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।उद्घाटन के दौरान संचालक सोनू कुमार ने बताया कि अन्य दुकानों की अपेक्षा हमारे यहां उचित मूल्य पर चिकन, अंडा व मछली मिलेगा। वही भावी पंचायत समिति सदस्य उमीदवार संजय कुमार सिंह ने कहा कि सोनू चिकेन हब खुलने से क्षेत्र के ग्रामीणों को शादी पार्टी के लिए आसानी से चिकेन, मछली मिल सकेगा। साथ ही कहा अब चिकेन, मछली के लिए अब झूमरा व हज़ारीबाग नही भटकना पड़ेगा। मौके निर्मल पांडेय ,पिंटू यादव, ज्ञानी, बंटी गंझू , शिवम भारती, विशाल कुमार, कृष्णा सिंह, भीम साव, पिंटू साव,शुभम भारती, पंकज साव, दीपराज कुमार सिंह, मुकेश सिंह, कारण यादव,संजू यादव, नरेश गंझू, शिवा, राजेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे। सुरेश हेम्ब्रोम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आज दवाई दोस्त दुकान का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा आज सामुदायिक अस्पताल के सामने जनकल्याण दवाई दोस्त दुकान का उद्घाटन स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव करेंगे इसकी सूचना दुकान संचालक राजेन्द्र प्रसाद ने दी उन्होंने कहा दवाई दोस्त का उद्देश्य है कम कीमत पर उच्च कोटि के दवाई लोगो को उपलब्ध कराना जिससे गरीब गुरबों का इलाज हो सके उन्हें कम कीमत दवाइयों की सुविधा मिल सके उन्होंने कहा प्रिंट मूल्य का मात्र 30 प्रतिशत में यह जेनेरिक दवाई उपलब्ध है जिससे लोगो को आर्थिक शोषण न हो ।कुमार चौधरी समेत लोग उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश युवा इंटक की कमिटी पुनर्गठित अमित पुनः जिला अध्यक्ष मनोनित

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



रवि कुमार

गिरिडीहः झारखंड के 24 जिलों में से 16जिलों के जिलाध्यक्ष सहित कुल 50 सदस्यों को जगह देते हुए झारखंड प्रदेश युवा इंटक कमिटी पुनर्गठित की गई। वहीं कमिटी की घोषणा करते हुए युवा इंटक के प्रदेश अध्यक्ष कुमार रवि ने सबों को बधाई देते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ ने. ताओं के प्रयास से श्रमिक की समस्याओं के समाधान में निश्चित रूप से नई कार्यकारिणी सफल होगी। इधर अमित सिन्हा ने पुनः युवा इंटक जिलाध्यक्ष (गिरिडीह) मनोनित होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया व संगठन को सशक्त बनाने हेतु हर मोर्चे पर प्रतिबद्धता से कार्य करने का प्रण लेते हुए कहा कि मजदूर को न्याय व उनका हक दिलाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। हो ।कुमार चौधरी समेत लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता राजू साव ने किसान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की समस्याओं को रखा

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



उपस्थित अतिथि गण

रामगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रभारी राजू साव ने शनिवार को रांची नामकुम में आयोजित भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति की बैठक में शामिल है। इस दौरान राजू सव ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चहर से मुलाकात कर 20 19-20 में ओलावृष्टि से किसानों के नष्ट हुए फसलो के मुआवजा झारखंड सरकार की ओर से आज तक किसानों को नहीं दी गई है। इस पर हमें किसानों के हित को देखते हुए जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की आवश्यकता है । वही बड़कागांव कृषि प्रधान प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज नहीं होने के कारण किसानों के फसल बर्बाद हो रहे हैं एवं किसानों को फसल की अच्छी कीमत नहीं मिल पाने की शिकायत की है एवं जल्द से जल्द बड़कागांव में कोल्ड स्टोरेज बनवाने की मांग की है। मौके पर किसान मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव, भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ जिला अध्यक्ष सनी कुशवाहा, आईटी सेल संयोजक धनंजय कुमार पूटूस, भा. जपा किसान मोर्चा रामगढ़ जिला महामंत्री शंभुलाल ठाकुर, द्वारिका प्रसाद, ब्रजेश मेहता, धर्मेंद्र पांडेय,धीरू तिवारी,अशोक कुमार एवं भाजपा किसान मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




APEM
LIVE